आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 27.08.2026
समय 720

**मुख्य समाचार :–**

- नेपाल आपदा में फंसे नागरिकों के परिजनों के लिए प्रदेश सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए कुल 31 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- विश्व बैंक के प्रबंध निदेशक पास्कल डोनोहोई ने कहा– आपदा सुरक्षित उत्तराखंड के निर्माण के लिए राज्य को विश्व बैंक का वित्तीय व तकनीकी सहयोग जारी रहेगा।
- और....इन्फ्लूएंजा एवं श्वसन तंत्र संबंधी रोगों की संभावित वृद्धि को देखते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग सर्तक।

**नेपाल आपदा**

पड़ोसी देश नेपाल–तिब्बत सीमा क्षेत्र के निकट रसुवा और आसपास के इलाकों में अचानक आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। आपदा से भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में अचानक जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई पुल, सड़कें और घर बह गए हैं। आपदा में कई लोगों की मृत्यु होने और सैकड़ों लोगों के लापता होने समाचार हैं। नेपाल सेना और सशस्त्र पुलिस बल की टीमें बड़े पैमाने पर बचाव और राहत कार्य में जुटी हैं।

इस बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में फंसे नागरिकों की जानकारी के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह सतर्क है। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण–यूएसडीएमए ने देहरादून स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के माध्यम से नागरिकों की सहायता के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। नेपाल में फंसे लोग या उनके रिश्तेदार जानकारी और सहायता के लिए टोल–फ्री नंबर 0135–2710334, 2710335, 2664314, 2664315, 2664316 और 8218867005 हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1070 पर संपर्क कर सकते हैं।

वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेपाल में बाढ़ से हुई जनहानि और संपत्ति के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा में हुई जनहानि और व्यापक नुकसान अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। इस कठिन समय में प्रदेश की जनता और राज्य सरकार नेपाल के प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति और प्रभावित लोगों के सकुशल होने की प्रार्थना की।

## चम्पावत में अलर्ट

इधर नेपाल में भीषण आपदा के चलते चम्पावत जिला प्रशासन ने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाते हुए शारदा नदी वैराज व घाटों में अलर्ट जारी किया है।

जबकि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल–SDRF की टीम को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसके साथ ही जिले के संवेदनशील तटीय इलाकों, शारदा घाट तथा शारदा बैराज और उनके आसपास के क्षेत्रों निरंतर गश्त की जा रही है। पुलिस व SDRF टीम ने घाटों एवं निचले इलाकों में जाकर स्थानीय निवासियों, यात्रियों तथा मछुआरों को जलस्तर बढ़ने की संभावना के प्रति जागरूक किया और सभी को सतर्क रहने की सलाह दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के कड़े निर्देश दिए हैं।

## वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए कुल 31 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसमें देहरादून, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर और चंपावत में पुल, मोटर सेतु, सड़क और मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्य शामिल हैं।

देहरादून के ऋषिकेश क्षेत्र में भुट्टोवाला के बंगला नाला पर पुल का निर्माण किया जाएगा। पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट में रामगंगा नदी पर मोटर सेतु बनाया जाएगा, जबकि खटीमा में सड़क का इंटरलॉकिंग टाइल्स से पुनर्निर्माण किया जाएगा। चंपावत के देवीपुरा क्षेत्र में मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण के लिए पेयजल निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

इसके अलावा, महाकुंभ मेला 2025 के सफल आयोजन के लिए एसडीआरएफ के 108 कार्मिकों को पुरस्कार स्वरूप पांच लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

## मुफ्त यात्रा

रक्षाबंधन पर प्रदेश की महिलाओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ी सौगात दी है। 28 और 29 अगस्त को प्रदेश की महिलाएं उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

इस संबंध में शासन की ओर से आदेश जारी कर परिवहन निगम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुसार, इन दोनों दिनों में प्रदेश के भीतर निगम की बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं से कोई किराया नहीं लिया जाएगा।

निशुल्क यात्रा की वजह से परिवहन निगम पर पड़ने वाले व्ययभार की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार करेगी।

## पॉडकास्ट

आकाशवाणी समाचार, देहरादून के पॉडकास्ट ''देवभूमि उत्तराखंड की बात– आकाशवाणी के साथ'' के नए अंक में इस बार उत्तराखंड की लोक यात्राओं पर चर्चा की गई है। इस अंक में लोक संस्कृति, रंगमंच और लोककला के प्रख्यात विद्वान डॉ. डी.आर. पुरोहित लोक यात्राओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा करेंगे।

यह पॉडकास्ट आज सुबह नौ बजे से आकाशवाणी समाचार देहरादून के यूट्यूब चैनल– आकाशवाणी न्यूज उत्तराखंड सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा।

इसके साथ ही, शनिवार दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर आकाशवाणी देहरादून 100 दशमलव 5 मेगाहर्ट्ज पर 'उत्तराखंड विशेष' कार्यक्रम में इस पॉडकास्ट का ऑडियो भी प्रसारित किया जाएगा।

## विश्व बैंक सहयोग

विश्व बैंक के प्रबंध निदेशक पास्कल डोनोहोई ने कहा कि उत्तराखण्ड आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राज्य है और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दिशा में राज्य द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। आपदा सुरक्षित उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए विश्व बैंक आगे भी अपना पूरा सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि पर्वतीय राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए आपदा जोखिम को कम करने के लिए आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अध्ययन और मजबूत संस्थागत क्षमता का निरंतर विकास आवश्यक है।

श्री डोनोहोई के नेतृत्व में विश्व बैंक की हाई लेवल टीम ने उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने आपदा प्रबंधन एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में विश्व बैंक के सहयोग से संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की तथा राज्य में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान विश्व बैंक पोषित विभिन्न योजनाओं एवं यूप्रीपेयर परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों तथा विशेष रूप से राज्य में भूस्खलन न्यूनीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निर्देश

मौसम में बदलाव के मद्देनजर सीजनल इन्फ्लूएंजा——ए, एच1एन1 एवं श्वसन तंत्र संबंधी रोगों की संभावित वृद्धि को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी संस्थानों को सर्तक रहने के निर्देश दिए। इसी क्रम में नैनीताल मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि पंत ने जिले में आवश्यक दवाओं, ऑक्सीजन, चिकित्सा सामग्री एवं उपचार व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा है।

डॉ. पंते ने आमजन से अपील की कि बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, बदन दर्द अथवा सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें। उन्होंने पर्याप्त आराम करने, तरल पदार्थों का सेवन

करने तथा बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक का उपयोग न करने की सलाह दी। साथ ही गंभीर लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लें। मौसमी बुखार से घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन लापरवाही भी नहीं करनी चाहिए। समय पर पहचान, उचित उपचार और सावधानी ही सबसे प्रभावी सुरक्षा है।

## खाद्य सुरक्षा अभियान

त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट और खाद्य मानकों के उल्लंघन के खिलाफ प्रदेशभर में जांच अभियान तेज। इसी क्रम में पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देश पर मिठाई, रेस्टोरेंट और किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। अभिहित अधिकारी खाद्य संरक्षा आर.के. शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों के 11 नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए खाद्य विश्लेषणशाला देहरादून भेजा जा रहा है। रिपोर्ट में मानक विपरीत पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं हरिद्वार जिले में भी विभिन्न जगहों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की तीन टीमों द्वारा मिठाई दुकानों, रेस्टोरेंटों एवं डेयरी दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस पूरी कार्यवाही में जिले के अलग अलग क्षेत्रों लिए गये कुल 15 खाद्य नमूने प्रयोगशाला जाँच के लिए भेजे गये हैं।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....**

पड़ोसी देश नेपाल में आई बाढ़ की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है।

इस खबर पर दैनिक जागरण समाचार पत्र लिखता है तिब्बत के सैलाब से नेपाल में तबाही, इसी खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र में लिखा है सैलाब सैकड़ो को लील गया। नेपाल में जानलेवा बाढ़, 160 मौतों की पुष्टि, बड़ी संख्या में लोग लापता है कई गांव चपेट में आए

खेल पुरुस्कारों में एथलेटिक्स का दबदबा शीर्षक से हिंदुस्तान समाचार पत्र ने खबर को स्थान दिया है। पत्र ने लिखा– द्रोणाचार्य खेल रत्न और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड में अभी तक मिले कुल 30 सम्मान में 10 एथलेटिक्स के है।

बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र, धामी ने लिया आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने का संकल्प– अमर उजाला की सुर्खी है।